NEWS18 हिंदी

## Gwalior News: त्योहार की मिठास में तस्कर की सेंधमारी, 800 किलो नकली मावा जब्त!




**सुशील कौषिक, ग्वालियर:** त्योहारों का सीजन शुरू होते ही मिलावटी और नकली मिठाइयों का कारोबार भी तेजी पकड़ लेता है. ग्वालियर पुलिस ने दीपावली से ठीक पहले बड़े पैमाने पर नकली मावा सप्लाई की आशंका पर कार्रवाई की है. सिरोल पुलिस ने पिकअप वाहन से करीब 800 किलो मावा जब्त किया है.

### कहां से कहां जा रहा था मावा?

पुलिस के मुताबिक, जब्त किया गया मावा भिंड से ग्वालियर लाया जा रहा था. यहां से इसे आगे भोपाल सप्लाई किया जाना था. पुलिस को शक है कि यह पूरा खेप त्योहार के दौरान मिठाइयों की दुकानों और फैक्ट्रियों में सप्लाई की जानी थी.

Source: https://hindi.news18.com/news/madhya-pradesh/gwalior-police-seized-800kg-mawa-suspected-fake-diwali-sweets-supply-9692598.html